PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रैनास, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2021-23 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 22 अंक 10 जयपुर: 23 दिसम्बर 2023 से 7 जनवरी 2024 RNI No : RJHIN/2002/9810 वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

जरूरी सूचना

यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें 9314407796

राजस्थान इंटरनेशन सेंटर में वर्ल्ड रिकॉर्ड वॉर्नवलेव का आयोजन

परिष्कार न्यूज के लोगों का लोकार्पण

परिष्कार पत्रिका जयपुर। परिष्कार पत्रिका और इनलयुरंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के संयुक्त तत्वावधान में और पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जवाहर नगर में वर्ल्ड रिकॉर्ड का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से आए लगभग 40 प्रतिभागियों को वर्ल्ड रिकॉर्ड दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक के जोनल अधिकारी आरके वाजपेयी थे। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका के यूट्यूब चैनल परिष्कार न्यूज के लोगों की रौ लॉचिंग की गई। कार्यक्रम संयोजक डॅजिल नाजरथ ने बताया कि परिष्कार न्यूज के लोगों की लॉचिंग के अवसर पर अतिथि आशीष आहुजा निदेशक स्टेडी बेल टेक प्रा.लि. केथरीनों आई फाउंडेशन के अध्यक्ष माईकल कैथरीनों, परिष्कार कॉलेज के वाईस प्रिंसिपल विष्णु शर्मा, राजपुरोहित, स्पोर्टस एसोसिएशन के धर्मेंद्र सिंह, एडवोकेट भागचंद, ब्रजेश सिंगा, धनवंतरी कॉलेज के वरीष्ठ अध्यापक सहित परिष्कार पत्रिका से निदेशक श्रवण सिंह किरार, प्रधान संपादक हेमलता किरार, संपादक रविसिंह किरार और इंफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से जयेश भट्ट और महिमा जैन सहित अनेक गणमान्य प्रबुद्धजन उपस्थित थे। इस अवसर पर परिष्कार की प्रधान संपादक हेमलता किरार ने अपने उद्बोधन में परिष्कार के 21 वर्षों की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने लॉचिंग के अवसर पर कहा कि परिष्कार न्यूज तेजी से आगे बढ़ रहा हैं। जिसके लिए डॅजिल नाजरथ न्यूज कॉर्डिनेटर और रविसिंह किरार संपादक को बधाई देते हुए कहा कि परिष्कार के नए लोगो की रिलॉचिंग बड़ी खुशी हो रही है। इस चैनल के माध्यम से देशवासियों को अपनी स्थानीय समस्याओं को व्यक्त करने का सुदृढ़ित माध्यम मिलेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल परिष्कार न्यूज शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिसमें शिक्षाविदों के विचारों से विद्यार्थियों और आमजन को अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने परिष्कार न्यूज की प्रगति के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं दी।

कोविड-19 एवं श्वसन रोग से बचाव की एडवाइजरी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभा सिंह के निर्देशों को पालना में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 एवं श्वसन रोगों से बचाव एवं नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की है।

एडवाइजरी के प्रमुख बिन्दु इस प्रकार हैं

विदित है कि सर्दी के मौसम में खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब आदि लक्षणों के रोगियों की संख्या में वृद्धि पायी जाती है। वर्तमानमें देश के केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र व अन्य राज्यों में कोविड केसेज की संख्या में भी वृद्धि पायी गयी है। देश के केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली व गोवा राज्यों में कोविड का नया सब वैरियेंट पाया गया है। राजस्थान राज्य में जैसलमेर में दो तथा जयपुर में दो रोगी जिनमें एक झुंझुनूं तथा दूसरा भरतपुर के मूल निवासी हैं, संक्रमित पाये गये हैं। विशेषज्ञों की राय अनुसार प्रथम दृष्टया यह अपेक्षाकृत प्रतीत होता है।

हल्की सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब के रोगी चिकित्सक की सलाह समय पर लेते हैं तो रोग के नियंत्रण पर प्रभावी व तत्काल काबू पाया जा सकता है।

चिकित्सक के परीक्षण उपरान्त आईएलआई रोगियों में सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब के लक्षण की स्थिति में होम आईसोलेशन एवं उक्त लक्षणों के गम्भीर या लम्बी अवधि होने की स्थिति में तथा अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी जाती है।

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 17वां दीक्षांत समारोह आयोजित

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक के साथ दीक्षा व उपाधियां प्रदान की

परिष्कार पत्रिका जयपुर। दीक्षांत, विद्यार्थियों की शिक्षा के अंत का समय नहीं बल्कि नवीन मानवीय दृष्टिकोण से प्रारंभ होने वाली यात्रा का आरम्भ है। दीक्षांत ही वह समय होता है जब विद्यार्थी के अध्ययन काल में किये गये कठोर परिश्रम का प्रतिफल उसे प्राप्त होता है। यह विचार प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने उदयपुर स्थित महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित 17वां दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। राज्यपाल ने कहा कि महाराणा प्रताप देश के पहले ऐसे स्वाधीनता सेनानी थे जिन्होंने अपनी मातृभूमि की आन-बान और शान के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया था। मेवाड़ के अधिपति भगवान शिव हैं। यहां के महाराणाओं ने महादेव को इस धरती का अधिपति मानते हुए ही यहां शासन की परम्परा को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह सुखद है कि कृषि में प्रौद्योगिकी जनित शोध के लिए आपके विश्वविद्यालय के अंतर्गत प्रौद्योगिकी व अभियांत्रिकी महाविद्यालय कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रसार शिक्षा के तहत प्रकृति अनुकूल कृषि को बढ़ावा देते हुए किसानों को ऐसे प्रयासों के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया जिससे रासायनिक उर्वरकों का कम से कम उपयोग खेती में हो।

उन्होंने नई शिक्षा नीति के आलोक में इस तरह के कृषि और प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों का निर्माण करने पर जोर दिया जिससे विद्यार्थी खेती के प्रति अधिकाधिक आकर्षित हो। मिश्र ने नवाचार व उद्यमिता के साथ उच्च शिक्षा को ज्ञान सृजन का बड़ा आधार बनाकर विकसित भारत के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने सुझाव दिया कि उच्च शिक्षा के अंतर्गत कृषि एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े अधिकाधिक स्टार्ट-अप इनक्युबेशन, प्रौद्योगिकी विकास तथा अनुसंधान केंद्र स्थापित हों। उन्होंने पूर्व में संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। इस अवसर पर राज्यपाल मिश्र ने 42 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये और 864 स्नातकोत्तर व 74 विद्या-वाचस्पति छात्र-छात्राओं को दीक्षा व उपाधियां प्रदान कर बधाई दी। राज्यपाल मिश्र ने इस मौके पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित मोटो। अनाज से जुड़े शोध संकर्मों की कॉफी टेबल बुक का भी लोकार्पण किया।

समारोह में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप महानिदेशक कृषि शिक्षा डॉ आर सी अग्रवाल ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने स्वागत उद्बोधन के साथ प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल की प्रधानमंत्री और केन्द्रीय गृह मंत्री से शिष्टाचार भेंट

उपमुख्य मंत्री दिया कुमारी और डॉ प्रेमचंद बैरवा भी साथ रहे

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस शिष्टाचार भेंट में उनके साथ राज्य के दोनों उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और डॉ प्रेमचंद बैरवा भी साथ रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रधानमंत्री से मुलाकात उनके संसद भवन स्थित कार्यालय में हुई। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री को गुलदस्ते भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी एवं डॉ प्रेमचंद बैरवा ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के उपरांत प्रधानमंत्री और केन्द्रीय गृह मंत्री से यह उनकी प्रथम शिष्टाचार भेंट है।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कैम्प का किया अवलोकन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा शहरी के तहत विद्याधर नगर स्टेडियम में कैंप आयोजित किया गया। जिसमें माननीया उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कैंप का अवलोकन कर लाभार्थियों से संवाद किया तथा उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि भारत सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पंहुचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पंहुचाने एवं योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों को 10 हजार रूपये का सैक्शन लेटर भी प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत महिला लाभार्थियों को गैस चूल्हा किट भी प्रदान किया। इस दौरान एक लाभार्थी भावुक हो उठी और हाथ जोड़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देने लगी। शिविर में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि अंतिम पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे यह हम सभी का प्रयास होना चाहिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य शत-प्रतिशत लोगों तक लाभ पहुंचाना है।

यह यात्रा 15 नवम्बर से शुरू हुई थी जो कि 26जनवरी 2024 तक अनवरत रूप से जारी रहेगी। इस दौरान मिशन मोड पर कार्य कर वंचित पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जायेगा। इस अवसर पर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने बताया कि 18 दिसंबर 2023 को सांगानेर स्टेडियम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा शहरी का शुभारंभ किया गया था। इस यात्रा के तहत सभी ज़ोनों में कैम्प लगाये जायेंगे। अब तक लगभग सांगानेर जोन में 8 शिविर आयोजित किये जा चुके है जिसमें कुल 3 हजार 5 सौ से अधिक लोग लाभान्वित किये जा चुके है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विद्याधर नगर स्टेडियम एवं ओल्ड विद्याधर नगर मस्जिद के पास कैम्प लगाया गया। जिसमें 8 सौ से अधिक लोग लाभान्वित हुए। आयुष्मान भारत योजना के तहत 97, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 75, पीएम स्वनिधि योजना के तहत 54 इसके साथ ही कैम्प में मेडिकल चैकअप भी किया जा रहा है।

जार में विद्यायक डॉ गोपाल शर्मा का सम्मान समारोह का आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। निःशक्तजन कल्याण परिषद राजस्थान के द्वारा डॉ गोपाल लाल शर्मा विधायक सिविल लाईन जयपुर का सम्मान समारोह का आयोजन पुलिस कमिश्नर परिसर जनरलिस्ट ऐसोसिएशन ऑफ राजस्थान गर्वमेंट होस्टल जयपुर में किया गया। निःशक्तजन कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने बताया कि इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि डॉ गोपाल शर्मा विधायक सिविल लाईन विधानसभा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि महंत सत्यप्रकाश शर्मा कबीर पंथी, गुरू सुमेर सिंह बलवंत व्यायामशाला, पंकज शर्मा जिला अध्यक्ष धर्ममहासभा, मधु शर्मा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, अनील बाणड़ा पार्षद प्रत्याशी वार्ड 49, एवं हरिबल्लभ मेघवाल प्रदेशाध्यक्ष जर्नरलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान थे।

समारोह में डॉ गोपाल शर्मा को माला, साफा पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में नेत्रहीन गायक कलाकारों में अशोक कोहली, सुनिल शर्मा, नरेन्द्र सारवान, रमन शर्मा, बुद्धिप्रकाश एवं गायक कलाकारों ने अपनी रचनाएं सुनाकर आए हुए मेहमानों का मन मोह लिया। सभी नेत्रहीन गायक कलाकारों और अतिथियों का माला एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। निःशक्तजन कल्याण परिषद के रामनंद सैन जयपुर शहर अध्यक्ष, बच्चन सिंह, आशुतोष मित्तल, राधेश्याम सैनी, बाबू सिंह राजावत, कनिष्क वर्मा, किशन लाल सैन, सुनिल कुमावत, डॉ राजू, विजय सिंह किरार, सुभाष मौर्य, शुभम सैन, सुनिल राजौरिया, कमल घडिसाज एवं भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने डॉ गोपाल शर्मा का माला एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने अल्पाहार की प्रसादी ग्रहण की।

इंटर एंसलम्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2023-2024 का आयोजन

सेंट एंसलम्स पिंक सिटी विद्यालय मालवीय नगर में हुआ आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सेंट एंसलम्स पिंक सिटी स्कूल, मालवीय नगर में 16 दिसंबर 2023 शनिवार को इंटर एंसलम्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शरद दाधीच राजस्थान की सीनियर टीम के कमान थे। विद्यालय प्रधानाचार्य फादर थॉमस मनीपरम्बिल ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट अभिनंदन किया।

खेल स्पर्धा अंडर-19 विद्यार्थियों में थी एजिसमें सेंट एंसलम्स फुलेरा, नागौर, सवाई माधोपुर, मानसरोवर, निवारु, अलवर व मालवीय नगर विद्यालयों की सात टीमों ने हिस्सा लिया।

सभी प्रतियोगी खिलाड़ियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी खिलाड़ियों द्वारा खेलभावना रखते हुए खेलने की शपथ ली। मुख्यातिथि ने बास्केटबॉल टूर्नामेंट ओपन कहकर कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा की। इस अवसर पर रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए।

पहला शॉट मुख्यातिथि ने लगाया।

शाम 5 बजे अंतिम प्रतियोगी मैच खेला गया, जिसमें मुख्य अतिथि ज्ञानदीप सोसायटी के अध्यक्ष बिशप जोसफ कालाराकल थे। प्रधानाचार्य फादर थॉमस मनीपरम्बिल ने बिशप जोसफ कलारकर को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। खेल समाप्ति के बाद मुख्यातिथि ने अपने शुभ आशीर्वचनों से सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन व मार्गदर्शन किया। खेल के परिणाम इस प्रकार रहे प्रथम विजेता टीम सेंट एंसलम्स मानसरोवर, रनर अप सेंट एंसलम्स मालवीय नगर रहा। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि और विद्यालय के प्रिंसिपल ने ट्रॉफी लगाए पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण के बाद विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा सभी को धन्यवाद व आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान से की गई।

वासुदेव देवनानी सर्वसम्मति से 16 वीं राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष निर्वाचित

परिष्कार पत्रिका जयपुर। वासुदेव देवनानी 16वीं राजस्थान विधान सभा के सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किये गए। देवनानी राजस्थान विधान सभा के 18वें अध्यक्ष हैं। देवनानी को अध्यक्ष चुने जाने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सदन में प्रस्ताव रखा जिसका पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने अनुमोदन किया। सदन द्वारा ध्वनिमत से प्रस्ताव को पारित कर देवनानी को अध्यक्ष निर्वाचित कर परम्परा को कायम रखा। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी देवनानी के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका विधायक राजकुमार रोत ने अनुमोदन किया। वहीं, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का विधायक चन्द्रभान सिंह चौहान तथा विधायक हनुमान बेनीवाल के प्रस्ताव का विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने अनुमोदन किया।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डॉ प्रेमचन्द बैरवा सहित सदन में उपस्थित सदस्यों ने देवनानी को अध्यक्ष पद के निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवनानी को पक्ष व प्रतिपक्ष के सदस्यों द्वारा आसन तक ले जाया गया। नवनिर्वाचित विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने शुभकामनाओं के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान विधान सभा के इस सदन की महान परम्पराएं रही हैं और वे सदन की मान-मर्यादा तथा परम्पराएं बनाए रखने के लिए सर्वदा प्रयासरत रहेंगे। साथ ही, सदन की ज्यादा से ज्यादा बैठकें और सार्थक बहस हो, इसके लिए भी वे प्रयास करेंगे। उन्होंने सदन को अध्यक्ष पद की गरिमा एवं निष्पक्षता बनाये रखने के लिए आश्वस्त किया। साथ ही, सभी सदस्यों से भी उम्मीद जताई कि वे नियमों का पालन कर संसदीय परम्पराओं को समृद्ध बनाएंगे।

उन्होंने सदस्यों से आह्वान किया कि वे सदन के नियम एवं प्रक्रियाओं का अध्ययन करें ताकि उन्हें सदन की प्रक्रियाओं का ज्ञान हो सके। इस अवसर पर वसुंधरा राजेए सचिन पायलट, गोविन्द सिंह डोटासरा, अनिता भदेल, डॉ सुभाष गर्ग, गजेन्द्र सिंह खींवसर, चन्द्रभान सिंह चौहान, हनुमान बेनीवाल, जुबेर खान, यूनूस खान एवं राज कुमार रोत सहित अन्य सदस्यों ने भी देवनानी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधान सभा के प्रथम सत्र के दूसरे दिन आज प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ ने 6 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। उन्होंने 6 सदस्यों को विधानसभा सदस्य के रूप में संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्यों के श्रद्धापूर्वक निर्वहन की शपथ दिलाई।

राष्ट्रीय गणित दिवस पर बताए गणित के जादुई फार्मूले

परिष्कार पत्रिका लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान के शिक्षा विभाग में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो बी एल जैन ने गणित के दैनिक जीवन में अनुप्रयोग तथा महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि गणित सब विषयों का आधार है। भौतिक शास्त्र/ सांख्यिकी तथा प्रौद्योगिकी जैसे विज्ञान के सभी क्षेत्र गणित के बिना अधूरे हैं। कार्यक्रम की आयोजक गणित की सहायक आचार्या प्रमोद ओला ने बताया कि भारत सरकार ने श्रीनिवासन रामानुजन के जन्मदिवस की 125वीं वर्षगांठ पर 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में घोषित किया है। ओला ने गणित की कुछ जादुई चालों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी और दैनिक गणित व गणितीय ग्रन्थों के बारे बताया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य खुशाल जांगिड व ज्रेहा शर्मा ने छात्राओं को भारतीय गणितज्ञ रामानुजन के जीवन मूल्यों से सीख लेने तथा उनके संघर्षपूण जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -

संपादक, परिष्कार पत्रिका,
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो : 9314407796, 9351311820
parishkarpatrika@gmail.com

PRIME TRACK

शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

Trackon
Couriers Pvt. Limited

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

सम्पादकीय

वर्ष 2023 का अंतिम पखवाड़ा है। नए वर्ष को लेकर सभी अपनी अपनी तैयारियों में जुटे हैं। ऐसे में हम अपने प्रभु से प्रर्थना करते हैं कि आने वाले नव वर्ष में सभी स्वस्थ रहे और खुश रहे। हम सभी पाठकों के लिए प्रार्थना करते हैं कि उनका प्यार परिष्कार पत्रिका से इसी प्रकार बना रहे। हम सभी विज्ञापन दाताओं के लिए भी प्रार्थना करते हैं कि वे परिष्कार के साथ इसी प्रकार कदम से कदम मिलाकर चलते रहे। हम वर्ष के दिसम्बर में आयोजित कार्यक्रम में शरीक सभी अतिथियों और दर्शकों के लिए भी प्रार्थना करते हैं। हम परिष्कार पत्रिका परिवार के सभी सदस्यों के लिए भी प्रार्थना करते हैं जिनकी देखरेख में परिष्कार नित नई ऊंचाईयों को छू रहा है। हम उन सभी मध्यस्थों का भी शुक्रिया करते है जो परिष्कार पत्रिका और पाठकों के मध्य सेतू का कार्य कर रहे हैं। हम सभी के लिए भी प्रार्थना करते हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि प्रभु हमें नव वर्ष देखने देगें तो हम देश और देशवासियों के लिए कार्य करेंगे। परिष्कार पत्रिका ने हाल ही में 17 दिसंबर को परिष्कार न्यूज के नए लोगों का लोकार्पण किया। इसके माध्यम से हम हर खास और आम की खबर आपतक पहुंचाएंगे। न्यूज चैनल से जुड़े सभी पदाधिकारियों के लिए भी प्रार्थना करते हैं। आने वाला नव वर्ष सभी के लिए नई सौगात और उमंग के साथ प्रवेश करें। हम प्रार्थना करते हैं कि सभी शिक्षा के प्रति समर्पित भाव के कार्य करें। परिष्कार न्यूज के माध्यम से पिछले छ माह से शिक्षा पर ही कार्य कर रहे हैं। विभिन्न संस्था प्रयानों ने परिष्कार से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इन चर्चाओं को हमने परिष्कार न्यूज पर सभी के समक्ष रखा और सबकी राय जानी। हम प्रार्थना करते हैं कि आने वाले वर्ष में सभी स्वृष्ट, स्वस्थ रहें और देश के प्रति अपने कतव्यों का निर्वहन करें। समय परिवर्तनशील है। समस्या और समाधान में से समाधान को चुने। चुनौतियों ही आप से बेस्ट निकलवाती है। इसके लिए परम पिता परमेश्वर को धन्यवाद दे। जो नहीं हैं उसके लिए दुखी होने के बजाए, जो है हमारे पास उसके लिए प्रभु को धन्यवाद। नए वर्ष में सभी खबुु रहे इसी शुभकामाओं के साथ।

जय हिन्द। जय भारत।

विकसित भारत संकल्प यात्रा

जन-जन तक पहुंच रही है केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी

9 मोबाइल वैन ने 18 ग्राम पंचायतों में किया योजनाओं का प्रचार

परिष्कार पत्रिका जयपुर। भारत सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने एवं योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। जयपुर ग्रामीण के 9 विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को 9 मोबाइल वैन ने कुल 18 ग्राम पंचायतों में योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई। कार्यक्रम में 16 हजार से अधिक लोगों ने भाग लेकर सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ शिल्पा सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत नांगल सुशवतान एवं कूकस पंचायत समिति आमेर, ग्राम पंचायत घाटीपुरा एवं उवावाला पंचायत समिति शाहपुरा, ग्राम पंचायत बड़ी का बास एवं बीलवा पंचायत समिति सांगानेर, ग्राम पंचायत भांकरोटा एवं डाबिच पंचायत समिति माधोराजपुरा, ग्राम पंचायत घिनोंई एवं मण्डाभिण्डा में मोबाइल वैन आमजन के बीच आकर्षण का केन्द्र बनी रही।

उन्होंने बताया कि पंचायत समिति गोविन्दगढ़, ग्राम पंचायत आंधी पंचायत समिति आंधी, ग्राम पंचायत निवारू व बोयतावाला पंचायत समिति झोटवाड़ा ग्राम पंचायत बरडोती व हबसपुरा पंचायत समिति सांभर, ग्राम पंचायत बगरोना व विजयपुरा पंचायत समिति बस्सी एवं ग्राम पंचायत जमवारामगढ़ पंचायत समिति जमवारामगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

ग्रामीण क्षेत्र में इन योजनाओं का प्रचार कर रही यात्रा :

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में यात्रा आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री पोषण योजनाए हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन स्कीम, पीएम पणाम, नैनो फर्टिलाइजर्स सरीखी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर रही है।

जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने की शिरकत :

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कूकस व नांगल सुशावतान में प्रधान बद्रीनारायण बाणडा पंचायत समिति आमेर तथा ग्राम पंचायत डाबिच व भांकरोटा में विधायक रामावतार बैरवा, जिला प्रमुख रमा देवी, ग्राम पंचायत आंधी में विधायक महेन्द्रपाल मीणा, प्रधान मानसी मीणा, ग्राम पंचायत जमवारामगढ़ में विधायक महेन्द्रपाल मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर चतुर्थ लोकेश मीणा ने शिरकत की। ग्राम पंचायत घाटीपुरा में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता यादव, ग्राम पंचायत बीलवा एवं बड़ी का बास सांगानेर में बगरू विधायक कैलाश वर्मा, ग्राम पंचायत घिनोई में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, ग्राम पंचायत निवारू में विधायक कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड एवं ग्राम पंचायत विजयपुरा में आदर्श नगर विधायक प्रत्याशी रवि नैय्यर उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों से किया संवाद

प्रधानमंत्री की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलेगा राजस्थान

अधिकारी जनता के प्रति अपने दायित्वों का शुचिता के साथ करें निर्वहन : मुख्यमंत्री

भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, महिला सुरक्षा एवं सुदृढ कानून-व्यवस्था हमारी प्राथमिकता

जनता पर खर्च हो जनता का पैसा, बजट का जनकल्याण में हो सदुपयोग अगले 25 वर्षों का विभागवार विजन तैयार कर कार्य करें अधिकारी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए राज्य सरकार कार्य करेगी। प्रधानमंत्री के द्वारा फैलाई जा रही विकास की रोशनी को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाने में हमें अपना सार्थक योगदान देना है। सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के विजन पर ही हमें आगे बढ़ना है।

शर्मा शासन सचिवालय में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी योजनाएंए कार्यक्रम एवं नीतियां प्रभावी रूप से लागू होकर आमजन तक पहुंचे। इसके लिए हमें जमीनी स्तर पर सेवा भाव को सर्वोपरि रखते हुए प्रदेश के विकास के लिए कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को आगे बढ़ाने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। आप सौभाग्यशाली हैं कि आपको प्रभुसत्ता से राष्ट्र सेवा का अवसर मिल रहा है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से सार्थक सहभागिता एवं टीम भावना के साथ जनहित में कार्य करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अलर्नम की बात सुनते हुए जनता के प्रति अपने दायित्वों का शुचिता के साथ उत्कृष्ट निर्वहन करें। अधिकारियों के सुदृढ नैतिक मूल्य ही उन्हें शुचिता के साथ कार्य करने को प्रेरित करते हैं।

प्रशासन में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, महिला सुरक्षा एवं सुदृढ कानून-व्यवस्था हमारी प्राथमिकता है। वित्तीय व्यय की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि पाई-पाई जनकल्याण में लगाई जा सके। प्रशासन में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार सामने आने पर जवाबदेही तय कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी एवं भ्रष्टाचारियों का बचाव करने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा। सरकारी कार्यालयों में आमजन के कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किए जाएं।

संकल्प पत्र का कर्ट अध्ययन, जनकल्याण हेतु प्राथमिकता से करें लागू-

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी संकल्प पत्र का विस्तृत अध्ययन करें। आमजन के उत्थान के लिए उनके सुझावों को आधार बनाकर इसे तैयार किया गया है। शर्मा ने कहा कि संकल्प पत्र में जनता से किए वादों को पूरा करना हमारी सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यह आपके लिए नीति-निर्धारक के तौर पर कार्य करेगा। हमें संकल्प पत्र को आधार बनाकर अगले 100 दिनों की प्रभावी कार्य-योजना तैयार कर आमजन को लाभान्वित करना है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी विभागाधिकारियों को अपने-अपने विभागों में 100 दिवसीय कार्य-योजना तैयार कर 10 दिनों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

अगले 25 वर्षों के विजन को ध्यान में रखते हुए कार्य करें विभागाधिकारी

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार देश के विकास के लिए दूरगामी सोच के साथ कार्य कर रही है। दिल्ली-मुंबई इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर इसका एक उत्तम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ सभी विभागाधिकारियों को प्रदेश की उन्नति के लिए नीति-निर्धारण एवं क्रियान्वयन करना है। अगले 25 वर्षों में प्रदेश का विकास कैसे हो एवं भविष्य में आने वाली सभी चुनौतियों का सामना कर प्रदेश कैसे सर्वश्रेष्ठ बने, इस दिशा में आपको कार्य करना है। इसके लिए प्रभावी रोडमैप तैयार कर उसका क्रियान्वयन करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे लाभ

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा देशवासियों तक लाभकारी योजनाओं को पहुंचाने का एक परिवर्तनकारी अभियान बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन के आलोक में कार्य करते हुए हमें योजनाओं का पूरा लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है ताकि वंचित तबकों का सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण हो सके एवं वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इसके लिए हमें निरन्तर प्रतिबद्धता से कार्य करना होगा तथा प्रभावी मॉनिटरिंग कर प्रत्येक वंचित व्यक्ति को योजनाओं से जोड़कर उसके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने होंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा में राजस्थान अग्रणी राज्य बनकर उभरे यह हमारी प्राथमिकता है। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि टीम राजस्थान प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री द्वारा बताए गए विजन के अनुसार लक्ष्य निर्धारण कर उनकी प्राप्ति के लिए एक्शन प्लान बनाकर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभागवार कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री चुने जाने पर भजन लाल का स्वागत

कृणवंतो विश्वार्यम की ओर अग्रसर होने का मिलेगा वातावरण : यश

परिष्कार पत्रिका जयपुर। शिव विहार कालोनी मुहाना स्थित ओऊमाश्रय सेवा धाम में विशेष गोष्ठी में राजस्थान के मुख्यमंत्री चुने जाने पर भजन लाल शर्मा का स्वागत किया मिठाई वितरण हुआ।

वैदिक चिंतक एवं ओऊमाश्रय सेवा धाम संचालक यशपाल यश ने कहा कि इनके द्वारा संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा दिए सनातन वैदिक उद्घोष कृणवन्तो विश्वार्यम् की ओर अग्रसर होने का अनुकूल अवसर मिलेगा। यश ने कहा कि यज्ञों की सनातन परम्परा को प्रोत्साहन वैज्ञानिक अनुसंधानों में मदद से विषाणुओं परमाणु विकिरण तथा पर्यावरण शुद्धि हेतु राजकीय स्तर पर आयोजन होंगे। ओऊमाश्रय संरक्षक राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर के पूर्व न्यायाधीश दीपक माहेश्वरी ने कहा कि नये मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राज्य में अच्छी कानून व्यवस्था समता न्याय के साथ रोजगार उपलब्ध कराने में सफल होंगे। इस अवसर पर ओऊमाश्रय संरक्षक सदस्य एवं अग्रवाल समाज जयपुर के सत्यनारायण अग्रवाल मानसरोवर आर्य समाज संरक्षक अर्जुन देव कालरा सनोष नारायणशर्मा प्राणिक हीलिंग चैरेपी विशेषज्ञ प्रशासनिक अधिकारी चारु शर्मा कल्पान्तिका तथा महिलाआर्य समाज प्रधान सरोज ने भी भाग लिया। जस्टिस दीपक माहेश्वरी चारु शर्मा तथा कल्पान्तिका को ओऊमाश्रय परिवार की ओर से प्रभु सेवा सम्मान प्रदान किया गया।

वरीष्ठ नागरिकों को मार डालो

सांसद जया बच्चन ने संसद में महत्त्वपूर्ण मुद्दा उठाया

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सरकार को सभी सीनियरों को मार देना चाहिए। 65 वर्ष की आयु के बाद के नागरिक क्योंकि सरकार इन राष्ट्र निर्माताओं पर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं।

क्या भारत में वरिष्ठ नागरिक होना अपराध है ?

भारत के वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष के बाद चिकित्सा बीमा के लिए पात्र नहीं हैं, उन्हें ईएमआई पर ऋण नहीं मिलता है। ड्राइविंग लाइसेंस जारी नहीं किया गया है। उन्हें कोई काम नहीं दिया जाता, इसलिए वे जीवनयापन के लिए दूसरों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने सेवानिवृत्ति की आयु यानी 60-65 वर्ष तक सभी कर, बीमा प्रीमियम का भुगतान किया था। अब वरिष्ठ नागरिक बनने के बाद भी उन्हें सभी टैक्स चुकाने होंगे। भारत में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोई योजना नहीं है। रेलवे/हवाई यात्रा पर मिलने वाली 50 प्रतिशत छूट भी बंद कर दी गई है।

तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि राजनीति में वरिष्ठ नागरिकों, विधायक, सांसद या मंत्री को हर संभव लाभ दिया जाता है और उन्हें पेंशन भी मिलती है। मैं यह समझने में असफल हूं कि अन्य सभी कुछ सरकारी कर्मचारियों को छोड़कर वरिष्ठों को समान सुविधाओं से क्यों वंचित रखा गया है। सीधिए, अगर बच्चों को उनकी परवाह नहीं होगी तो वे कहां जाएंगे। अगर देश के बुजुर्ग चुनाव में सरकार के खिलाफ जाएंगे तो इसका असर चुनाव नतीजों पर पड़ेगा। सरकार को इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।

सीनियर्स के पास सरकार बदलने की ताकत है, उन्हें नजरअंदाज न करें। उनके पास सरकार बदलने का जीवन भर का अनुभव है। उन्हें कमजोर मत समझो। वरिष्ठ नागरिकों के लाभ के लिए बहुत सारी योजनाओं की आवश्यकता है। सरकार कल्याणकारी योजनाओं पर बहुत पैसा खर्च करती है, लेकिन वरिष्ठ नागरिकों के बारे में कभी ध्यान नहीं देती। इसके विपरीत, बैंकों की ब्याज दरों में कमी के कारण वरिष्ठ नागरिकों की आय घट रही है। यदि उनमें से कुछ को परिवार और स्वयं का समर्थन करने के लिए अल्प पेंशन मिल रही है, तो यह भी आयकर के अधीनहैं। इसलिए वरिष्ठ नागरिकों को कुछ लाभों पर विचार किया जाना चाहिए।

1. 60 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों को पेंशन दी जानी चाहिए
2. सभी को हैसियत के मुताबिक पेंशन दी जाए
3. रेलवे, बस और हवाई यात्रा में रियायत।
4. अंतिम सांस तक सभी के लिए बीमा अनिवार्य होना चाहिए और प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाना चाहिए।
5. वरिष्ठ नागरिकों के न्यायालयीन मामलों को शीघ्र निर्णय हेतु प्राथमिकता दी जाए।
6. सीनियर हर शहर में सभी सुविधाओं से युक्त नागरिक घर
7. सरकार को 10-15 साल पुरानी कारों को स्क्रैप करने के नियम में संशोधन करना चाहिए। यह नियम केवल वाणिजिक वाहनों के लिए लागू किया जाना चाहिए। हमारी कारें ऋण पर खरीदी जाती हैं और हमारा उपयोग 10 वर्षों में केवल 40 से 50000 किमी तक होता है। हमारी कारें नई जैसी ही अच्छी हैं। यदि हमारी गाड़ियों नष्ट हो जाती हैं तो हमें नई गाड़ियों दी जानी चाहिए।

> जिंदगी एक खेल है बड़ी शिद्दत से खेलते रहिएगा जीत गए तो कौन सा साथ ले जा जाएंगे और हार गए तो साथ लेकर भी क्या आए थे ।

माखनलाल विवि और एचजेयू में समझौता

कर्मचारियों और विद्यार्थियों में कौशल बढ़ाने पर राजी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सार्वजनिक क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थान हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय एवं देश के पहले माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण को संयुक्त रूप से बढ़ाने के लिए एक समझौते एमओयूद्ध पर हस्ताक्षर किए। इस संबंध में यहां शिक्षा संकुल में हरिदेव जोशी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर डॉ सुधि रजौरा और माखनलाल विश्वविद्यालय के समकक्ष प्रोफेसर डॉ केजी सुरेश के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर एचजेयू की कुलपति प्रोफेसर सुधी राजौरा ने कहा, तकनीकी संचालित युग में मीडिया के सामने सबसे बड़ा कार्य लोकतंत्र, तर्क और स्वतंत्रता को मजबूत करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय बुनियादी मूल्यों को बनाए रखने के लिए सहयोग कर रहे हैं और इस संबंध में प्रशिक्षण आयोजित करेंगे। एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद प्रोफेसर सुरेश ने कहा, यह मीडिया शिक्षा में एक मील का पत्थर है। हम साथ मिलकर न केवल दो संस्थानों के लिए बल्कि पूरे भारत में मीडिया शिक्षा के लिए नए मानक स्थापित करेंगे। एमओयू के अनुसार, दोनों पक्ष पेंद्धानिक रूप से सहमत हुए कि आपसी हितों के क्षेत्र में शिक्षण और अनुसंधान में उनकी गतिविधियों से संबंधित जानकारी के आदान-प्रदान में सहयोग करेंगे। वे कौशल शिक्षा और सामान्य शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम विकास में सहयोग करने पर सहमत हुए हैं। सुविधाओं तक एक दूसरे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की पहुंच, समान शैक्षणिक उद्देश्य और लघु पाठ्यक्रम संचालित करने पर दोनों राजी हुए। संयुक्त शिक्षण, अनुसंधान और सांस्कृतिक गतिविधियों चलाने पर भी सहमति बनी है। एमओयू ने संस्थानों के बीच संकाय, विद्वानों और छात्रों की गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने की बात कही है। साथ ही स्टाफ के व्यावसायिक विकास के लिए संयुक्त प्रयास होंगे।

शैक्षिक सामग्री एवं संसाधनों के आदान-प्रदान अथवा निर्माण के प्रयास भी किए जायेंगे। सेमिनार एवं शैक्षणिक बैठकों में भागीदारी के प्रयास पर भी दोनों पक्षों में सहमति बनी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

जयपुर विकास प्राधिकरण

40बीघा भूमि पर पांच अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10, ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी करीब 35 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त एवं जोन-11 में निजी खातेदारी करीब 05 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-10, के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम विजयपुरा रिंग रोड़ के पास जिला जयपुर में करीब 30 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण कराये भूमि को समतल कर कॉलेज नगर के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें, डीमार्केशन, ब्लूप्रेक्ट-मकानों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10, के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। जोन-10, के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम जामड़ोली चौराहा के पास जिला जयपुर में करीब 03 बीघा एवं इसी के पास 02 बीघा कुल 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें, डीमार्केशन व अन्य अवैध निर्माण कर 02 नवीन अवैध कॉलोनियां बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-10, के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू-रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर गोविन्दविहार के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें डीमार्केशन, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफकी निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया।

लोकसभा आम चुनाव 2024, मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में निर्वाचन आयोग की वीसी

17 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 3 लाख युवाओं के नाम जोड़ने के लिए 6 जनवरी से विशेष अभियान : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनावों के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के संबंध में राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। इस क्रम में अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही के दौरान 17 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए आगामी 6 जनवरी से विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश भर में इनकी संख्या करीब 3 लाख होगी। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान ट्रांसजेंडर, दिव्यांग एवं सहरिया आदिवासियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य विधानसभा आम चुनाव के लिए मतदाता सूचियों के 4 अक्टूबर, 2023 को अंतिम प्रकाशन के बाद नए नाम जोड़ने के लिए अब तक प्रपत्र 6 में 3,11,034 आवेदन सहित कुल 5,27,032 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 87,314 को छोड़कर शेष आवेदन निस्तारित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 6 नवंबर, 2023 ई-रोल अपडेट हुए सभी मतदाताओं को मतदाता पहचान-पत्र मुद्रित कर वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि सभी जिलों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ईआरओ द्वारा विधानसभा वार एकीकृत मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा तथा वाये एवं आपत्तियां 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्राप्त किए जाएंगे। 2 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी, 2024 को किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की वीसी से पूर्व वर्वाचन विभाग की ओर से ईआरओ कार्यालयों के 400 से अधिक कार्मिकों को मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के बारे में प्रशिक्षित किया गया। अधिकारियों को मतदाता सूचियों में फोटो सिमिलर एंट्री पीएसई एवं डेमोग्राफिक सिमिलर एंट्री डीएसई वाले दोहरे नाम हटाने के संबंध में जानकारी एवं निर्देश दिए गए। प्रदेश भर की मतदाता सूचियों में डीएसई के रूप में लगभग 51,000 एवं पीएसई के रूप में 1,10,439 दोहरे नाम अंकित हैं।

नाम जुड़वाने और संशोधन के लिए भरने होंगे अलग-अलग फॉर्म

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम में अर्हता दिनांक एक जनवरी, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों में जोड़ने का कार्य होगा। वर्तमान निरंतर अद्यतन अवीय में भी पात्र मतदाताओं द्वारा नाम जोड़ने एवं संशोधन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जा सकते हैं। साथ ही अर्हता तिथि एक अप्रैल, एक जुलाई एवं एक अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की वर्ष पूर्ण करने वाले मतदाता भी नाम जोड़ने के लिए प्रारूप प्रकाशन की तिथि से अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं, ऐसे प्राप्त अग्रिम आवेदनों का विस्तारपरं संबंधित तिमाही के प्रारूप में नाम शामिल किया जाएगा। इसके अंतर्गत आमजन विभिन्न ऑनलाइन माध्यम यथा वोटर हैल्पलाइन मोबाइल एप, बीएलओ एप एवं निर्वाचन आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र-6, नाम विलोपन हेतु प्रपत्र-7 एवं प्रविष्टियों में संशोधन, निवास स्थानान्तरण, डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र तथा विशेष योग्य जन संबंधी चिन्हीकरण के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन कर सकेंगे। गुप्ता ने यह भी बताया कि फार्म 6 का उपयोग कर मतदाता अपनी प्रविष्टि के साथ अपना यूनिक मोबाईल नम्बर भी मतदाता सूची में पंजीकृत करा सकते हैं। ऐसे मतदाताओं, जिनके यूनिक मोबाईल नम्बर मतदाता सूची में पंजीकृत हैं उन्हें विभाग द्वारा ई-सेवायें प्रदान की जाती एवं वे ई-ईपिक भी डाउनलोड कर सकते हैं।

परिष्कार मैरिज ब्यूरो

वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः रुहटक, डाबला, खरवा। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः अटकाण, पवेरवाल, महलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः किशर, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः निर्वाण, मौर्या, खरवा। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः सीलण, डार्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए. सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी. सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए पास के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः डाबला, डाबला, किशड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए एडमि के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः फरण्ड, खरवा, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय ग्रेजुएट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः डार्रा, निर्वाण, सोलंकी। पो.बा.506, सम्पर्क करें 9314407796

वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एडीवेयर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः खरवा, लुगरिया, माधर। पो.बां. 525, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः किशड़, इन्दौरा, दैतण। पो.बां. 373, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः माधर, डाब

पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा महिलाओं की सुरक्षा हो सुनिश्चित, संगठित अपराध एवं पेपरलीक के प्रकरणों में करे ठोस कार्यवाही

विभाग में हर स्तर पर भ्रष्टाचार हो समाप्त : मुख्यमंत्री

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पुलिस सेवा में रहकर जनसेवा करना सौभाग्य की बात है। यह कार्य संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता के साथ निष्पादित करना हर अधिकारी का कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में विभिन्न प्रकार के अपराधों में बढ़ोतरी हुई है। इसका राज्य की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। हमें राज्य की इस छवि को बदलना होगा। जनता का पुलिस में विश्वास फिर से सुदृढ़ करना होगा एवं अपराधियों में भय व्याप्त करना होगा। इसमें राज्य सरकार द्वारा आपको हर प्रकार का सहयोग दिया जाएगा।

शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने अपराध नियंत्रण तथा प्रदेश की कानून व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गृह विभाग तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सभी प्रकार के अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाई करने के निर्देश दिए।

महिला सुरक्षा हमारी मुख्य प्राथमिकता : मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्षों में महिला उत्पीडन के मामले बड़े पैमाने पर राजस्थान में सामने आए हैं। इससे वीरों एवं विभूतियों की यह भूमि शर्मसार हुई है। हमें मातृशक्ति की समुचित सुरक्षा कर प्रदेश का सम्मान एवं गौरव लौटाना है। यह हमारी मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभाग सभी आवश्यक कदम उठाए एवं त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करे।

पेपरलीक पीड़ितों को मिले न्याय: मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपरलीक कर युवाओं एवं उनके परिवारों की आशाओं पर कुठाराघात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस प्रकार के अपराधों से युवाओं को अमानवीय यातना सहनी पड़ी है एवं उनका परिश्रम एवं पैसा व्यर्थ हुआ है। उन्होंने कहा कि इन मामलों की जांच के लिए गठित एसआईटी प्रभावी कार्यवाही करते हुए सभी दोषियों को सजा दिलाएगी एवं पेपरलीक के पीड़ित युवाओं को न्याय देगी।

प्रदेश से संगठित अपराध हो समाप्त, आमजन को मिले राहत: शर्मा ने पुलिस अधिकारियों को संगठित अपराध करने वाले गिरोहों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में संगठित अपराध पूरी तरह समाप्त होना चाहिए। प्रदेशवासियों को गैंग्स के आतंक से मुक्ति मिलनी चाहिए। जेलों के अंदर से गैंग ऑपरेट करने की प्रवृत्ति पर भी पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में गठित टास्क फोर्स गैंग्स के समूल उन्मूलन का कार्य करेगी।

नहीं बर्दाश्त किया जाएगा भ्रष्टाचार, बचाव करने वालों पर भी होगी कार्यवाही : मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्चाधिकारियों के आचरण का ही अनुसरण विभाग के अन्य कार्मिक करते हैं। उच्चाधिकारियों की यह जिम्मेवारी है कि वह अपने कर्त्तव्यों का शुद्ध अन्तःकरण के साथ निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलेगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट आचरण करने वालों के साथ-साथ उनका सहयोग व बचाव करने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा। राज्य सरकार संस्थागत भ्रष्टाचार के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्ध है। विभाग में सभी स्तरों से भ्रष्टाचार समाप्त होना चाहिए।

प्रभावी मॉनिटरिंग से करे अपराध नियंत्रण : शर्मा ने कहा कि कानून व्यवस्था के उत्कृष्ट संधारण के लिए प्रदेश में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। समयबद्ध रूप से इनकी मरम्मत एवं रख-रखाव सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी स्रोत से प्राप्त अपराध की सूचना को गंभीरता से लेकर तत्काल संज्ञान लें। श्री शर्मा ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए की कहीं पर भी कानून-व्यवस्था बिगड़ने की संभावना के पहले संकेतों पर ही प्रो. एक्टिव अप्रोच के साथ कार्य करें। अधिकारी स्वयं समय-समय पर अपने क्षेत्र में दौरे कर स्थिति का जायजा लें। साथ ही, नियमित रूप से जनसुनवाई भी करें ताकि आमजन से फीडबैक मिलता रहे। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को विभाग में अपनी-अपनी शाखाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए कार्ययोजना, सुझावों, आवश्यक संसाधनों का ब्यौरा तैयार कर जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षा प्रदेश सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। इसके लिए हर स्तर पर उचित समन्वयन के साथ कार्य किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में पुलिस सभी प्रकार के अपराधों की रोकथाम कर आमजन को सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रमुख शासन सचिव गृह आनन्द कुमार ने कहा कि पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी। बैठक में गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्थान ने पश्चिम बंगाल को 3 विकेट से हराया

34वें अखिल भारतीय डाक क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना मेजबान राजस्थान

परिष्कार पत्रिका जयपुर। 34वें अखिल भारतीय डाक क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान राजस्थान ने पश्चिम बंगाल को 3 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। टॉस जीतकर राजस्थान ने क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पश्चिम बंगाल की टीम ने निर्धारित 46 ओवर में 9 विकेट खोकर 251 रन बनाए। पश्चिम बंगाल की ओर से सुमंता गुप्ता ने सबसे ज्यादा 61 गेंदों पर 82 रन, सौगत दत्ता ने 41 गेंदों पर 35 रन, अविरप गुप्ता ने 42 गेंदों पर 30 रन, आदित्य वर्मा ने 40 गेंदों पर 23 रन बनाए। वहीं राजस्थान की ओर से अभिमन्यु लांबा ने 10 ओवर में 33 रन देकर 4 विकेट, भेरा राम ने 6 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट, रवि शर्मा ने 9 ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट लिया। वहीं राजस्थान की ओर से विनीत सक्सेना ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 95 गेंदों पर 95 रन बनाए। सौरभ चौहान ने 39 गेंदों पर 30 रन, आदर्श शर्मा ने 34 गेंदों पर 29 रन, हरजीत सिंह ने 21 गेंदों पर 23 रन बनाए। पश्चिम बंगाल ने शानदार गेंदबाजी की। एक समय मेय रोमांचक स्थिति में पहुंच गया था। गेंदबाज 8.2 ओवर में 75 रन देकर 2 विकेट, अनुराग तिवारी ने 10 ओवर में 40 रन देकर 2 विकेट लिया। फाइनल का मैच में मैन ऑफद मैच का खिताब अभिमन्यू लांबा को दिया गया। वहीं मैच का मैन ऑफ द सीरीज का खिताब अनुराग तिवारी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया। वहीं तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में गुजरात ने दिल्ली को 8 विकेट से हराया। निर्धारित 20 ओवर्स के मैच में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 70 रन बनाए। दिल्ली की ओर से गौरव जांगरा ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। गुजरात की ओर से भावेश बाहिया, जैसल कारिया, विजय कादीवार ने 3.3 विकेट लिए। गुजरात ने आश्वाशन कुन्चवा की 41 रन की बदौलत 10.1 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

प्रतियोगिता का समापन समारोह जयपुरिया क्रिकेट ग्राउण्ड पर हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिन किशोर, पोस्टमास्टर जनरल, राजस्थान परिमण्डल एवं विशिष्ट अतिथि रोहित झालानी, पूर्व रणजी कप्तान, राजस्थान रहे। मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

राजस्थान वरिष्ठ पत्रकार संघ के अध्यक्ष अशोक शर्मा और सचिव बने शेखर

परिष्कार पत्रिका जयपुर। हाल ही में राजाधानी में राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकारों की एक संगोष्ठी हुई। इसमें सर्व सम्मति से अशोक कुमार शर्मा को अध्यक्ष| वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एम इकबाल खान, उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, महासचिव गुलाब बत्रा, सचिव चंद्र शेखर शर्मा भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सदीक अहमद को चुना गया। अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि इस संगठन का एक प्रतिनिधि मण्डल पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से मिलेगा। सुभाष अग्रवाल ने बताया कि हम छोटे और लघु समाचार पत्रों के प्रकाशन की समस्याओं और जीवन यापन में आ रही कठिनाइयों को प्रस्तुत करेंगे। गुलाब बत्रा ने कहा कि वृद्ध पत्रकारों के लिए रेल यात्रा में सभी श्रेणी की टिकट पर शुल्क 50प्रतिशत कम करने का आग्रह किया जाएगा साथ ही तेल यात्रा में आरक्षण कोटा भी निर्धारित करने का अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सभी 25 को पत्र लिखा जाएगा। संघ की कार्यकारिणी सदस्य मनोहर जोशी और गोपाल जोशी ने कहा कि हम पत्रकारों के अधिस्वीकरण के लिए नियमों के सरलीकरण के लिए भी मांग उठाएंगे। चंद्र शेखर ने कहा कि इस विषय में संघ मजबूती से अपनी मांगों को लेकर एक डेलिगेशन मंत्रियों और विधायकों सेभी मिलेगा। कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश स्वामी, दिनेश शर्मा सुंदरिया तथा रविसिंह किरार ने सभी पत्रकारों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

राजकीय विद्यालय खारड़ा कच्ची बस्ती भांकरोटा में सामान्य ज्ञान पुरस्कार वितरण किया गया

परिष्कार पत्रिका जयपुर । मेरा अधिकार संस्था की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय खारड़ा कच्ची बस्ती में सामान्य ज्ञान निरिक्षत प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे विभिन्न प्रकार के प्रश्न उत्तर लिख कर बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पत्रकार हंसराज लाखीवाल ने दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सहयोजक मंत्री सुनील जैन ने प्रधानाध्यापिका सुशिला बैरवा को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। अंत में सभी बच्चों को पारितोषित पुरूस्कार वितरण किया गया। इस दौरान हंसराज लाखीवाल ने कहा कि अगले परीक्षाओं के लिए थोड़ा मेहनत करने की जरूरत है। जिन बच्चों को इसमें नाम शामिल नहीं किया है। उन्हें

निराश होने की आवश्कता नहीं हैं बल्कि अपनी पढ़ाई पर ध्यान एव अगली प्रतियोगिता के लिए थोड़ा मेहनत करने की जरूरत है।

सैंट जोसफ कॉनवेंट स्कूल में बालमेला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल प्रताप नगर जयपुर में बाल मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाल मेले में बच्चे अपने सपनों को साकार होते हुए देखते है, सपनों की उडान भरते है एवं तनावरहित माहौल में एक-दूसरे से सीखतें एवं समझते है। इस बाल-मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल जैसे: भेलपुरी, पॉवभाजी, खमण-ढोकला, आइसक्रीम, मिल्कशेक, पंजाबी लस्सी इत्यादि लगायी गई। विद्यार्थियों ने जम्पिंग बाऊन्टर, वर्टिकल झूला, जॉय कार इत्यादि विभिन्न प्रकार के झूलों का आनन्द लिया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये एवं समा बांध दिया। संस्था की सचिव भानू भावना विलियमस् एवं डॉ एस्ठी शर्मा ने अतिथि मोती लाल मीणा पार्षद वार्ड नं 101 का फूलों के गुलदस्तें के साथ स्वागत किया। गणमान्य अतिथि एवं संस्था प्रशासन के अधिकारियों द्वारा मेले का आनन्द लिया एवं बच्चों के द्वारा लगाई गई चयनित स्टॉलस को पुरूस्कृत भी किया। सचिव भानू भावना विलियमस् ने कहा की इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का चहुमुखी विकास होता है शिक्षा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को आगे बढनें में मदद मिलती है।

मुख्यमंत्री ने ली 58वें पुलिस महानिदेशक, महानिरीक्षक सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा बैठक

प्रतिनिधियों को मिले राजस्थान की महान आतिथ्य परंपराओं का अनुभव : मुख्यमंत्री

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय पर जयपुर में 5 से 7 जनवरी तक होने वाले 58वें पुलिस महानिरीक्षक, महानिरीक्षक सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि अगले महीने आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह शिरकत करेंगे। साथ ही, केन्द्र सरकार के बड़े अधिकारियों सहित विभिन्न राज्यों के पुलिस महानिदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद यह पहला बड़ा कार्यक्रम है। यह प्रदेश की छवि को और बेहतर बनाने का सुंदर अवसर है। सम्मेलन हेतु सभी व्यवस्थाओं को चाक. चौबंध रखने के लिए अधिकारी अभी से कार्ययोजना बना ले एवं इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए नगर निगम एवं जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि शहर की सफाई व्यवस्था उत्कृष्ट हो। वे शहर के सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दें जिससे अतिथियों को प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखे। सम्मेलन में प्रतिनिधियों को राजस्थान की महान एवं गरिमामय आतिथ्य परंपराओं का अनुभव हो।

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री इस आयोजन में पधार रहे हैं अतः पुलिस के आला.अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखे। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे सम्मेलन के लिए विभागों के बीच समन्वय स्थापित करे। व्यवस्थाओं को टेस्ट एवं चेक करे तथा कार्यक्रम से पहले रिहर्सल कर लें। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूरी होनी चाहिए। पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त महानिदेशक संजय अग्रवाल ने बताया कि देश की आन्तरिक एवं बाहरी सुरक्षा को लेकर इस महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस के आयोजन के लिए 10 समितियों का गठन किया गया है। सम्मेलन के आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा,पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के आला-अधिकारी उपस्थित थे।

समर्पण संस्था करेगा दानदाता समारोह का आयोजन

नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर व दानदाता समारोह 24 दिसंबर को

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेन्स प्रत्यारोपण शिविर व दानदाता सम्मान समारोह रविवार 24 दिसम्बर को निर्माणाधीन समर्पण आश्रय केयर भवन प्रांगण प्लाट नम्बर-30, लक्ष्मी विहार प्रथम, फालियावास मोड श्रीरामपुरा टीबा, सांभरिया रोड, तहसील बस्सी में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन संस्था पधाधिकारियों ने मीटिंग के दौरान कार्यालय में किया। मीटिंग मे संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दौलतराम माल्या ने बताया कि नेत्र शिविर जयपुर के प्रसिद्ध जयपुर कैलगिरी आई हॉस्पिटल के सहयोग से प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाया जायेगा। जिसमें आँखों की जांच व चश्में के नम्बर दिये जायेंगे और ऑपरेशन वाले मरीजों को कैलगिरी आई हॉस्पिटल ले जाकर ऑपरेशन किया जायेगा। ऑपरेशन के बाद मरीजो को घर पर भी छोडा भी जायेगा। इस शिविर का निकटतम गाँव फालियावास, सिन्दौली, सांख, श्रीरामपुरा, गिश्वारीपुरा, गुढ़ा, रतनपुरा आदि गावों के नागरिकों को फायदा मिलेगा। शिविर के दौरान एक काउन्टर नेत्रदान का भी लगाया जायेगा। जिसमें स्वेच्छा से नेत्रदान के लिए संकल्प पत्र भरवायें जायेंगे। डॉ माल्या ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसी दिन एक दानदाता सम्मान समारोह भी रखा गया है जिसमें निर्माणाधीन समर्पण आश्रय केयर भवन निर्माण में दान देने वाले दानदाताओं को सम्मानित किया जायेगा। समारोह व नेत्र शिविर में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नीरज डॉगी होंगें तथा अध्यक्षता स्थानीय विधायक लक्ष्मण मीना करेगें। इसके साथ ही अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमन्त्रित किया गया है। नेत्र शिविर व समारोह के बाद पोषबडा प्रितीभोज का आयोजन भी किया जायेगा। मीटिंग में वर्ष 2024 में संस्था द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। मीटिंग का आयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सेवानिवृत्त आईआरएएस सी एल वर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

यूथ आईकॉन ऑफ इंडिया के पोस्टर का विमोचन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। यूथ आईकॉन आफ इंडिया के द्वारा रविवार 24 दिसंबर 2023 इंद्रप्रस्थ गार्डन कुंभा मार्ग प्रताप नगर जयपुर को किए जा रहे ब्लड डोनेशन कैंप का पोस्टर विमोचन माननीय जिला कलेक्टर अरविंद कुमार मीना कुच बिहार पश्चिम बंगाल के द्वारा किया गया। इस मौके पर धर्मेन्द्र शर्मा, प्रभाती लाल मीना, कन्हैया लाल यादव, ज्ञान स्वामी, राजवीर सिंह, मुकेश शर्मा, राकेश यादव, मोहन यादव आदि उपस्थित रहे।

पुलिस महानिदेशकों के सम्मेलन से पहले शहर का सौंदर्यकरण कर साफ-सफाई को चुस्त-दुरूस्त किया जाए

परिष्कार पत्रिका जयपुर। नगर निगम जयपुर हैरिटेज आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर पुलिस महानिदेशकों के आगामी सम्मेलन से पहले शहर की साफ-सफाई व सौन्दर्यकरण हेतु मिले विस्तृत दिशा-निर्देशों की पालना में अधिकारियों की तत्काल बैठक बुलाई व सभी शाखाओं को टास्क देकर युद्ध स्तर पर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये। शेखावत ने अधिकारियों को शहर के विभिन्न मार्गों के डिवाईडर्स की मरम्मत व रंग रोगन, प्रवेश द्वारों का सौन्दर्यन करने विशेष कर दिल्ली एवं आगरा रोड के तरफसे आने वाले मार्गों पर कचरा झाड़पूस हटाने, दीवारों की मरम्मत, सड़कों के पेचवर्क करवाने, जहां जरूरत हो वहां रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाईट लगवाने, गमले ठीक करवाने, चैराहों पर लगी मूर्तियों की सफाई व उधानों में पेड पौधों की साज-संभाल निरन्तर करने, अवैध होर्डिंग्स हटाने, रेल्वे स्टेशन के पास साफ-सफाई, सार्वजनिक दीवारों की सफाई व उन पर रंग रोगन, उधानों का सौन्दर्यकरण करने, कचरा उठाने हेतु अतिरिक्त हूपर लगा कर क्यूआरटी की तरह 24 घन्टे कचरा उठाने के निर्देश दिये। शेखावत ने इन सभी व्यवस्थाओं की प्रगती देखरेख के लिए अतिरिक्त आयुक्त मुख्यालय करतार सिंह को नोडल बनाया हैं। आयुक्त शेखावत ने उपायुक्त स्वास्थ्य को निर्देश दिये कि वे सीएसआई एवं एसआई के साथ दौरा करें व निरन्तर समीक्षा करें। उन्होंने अतिरिक्त आयुक्त मुख्यालय करतार सिंह को निर्देश दिये कि वे 27 व 29 दिसम्बर को अतिरिक्त मुख्य अभियन्त एवं अधिशाषी अभियन्ताओं के साथ दौरा करें व जहां कहीं अतिरिक्त कार्य करवाने की जरूरत है उन कार्यों की स्वीकृति तत्काल लेकर कार्य शुरू कर दिया जाये। बैठक अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एसके वर्मा, उपायुक्त मनीषा यादव, सरोज ढाका, संजू पारीक, उप निदेशक जन सम्पर्क मोतीलाल वर्मा, निरीक्षक सतर्कता मोहन मीणा सहित सभी अधिशाषी अभियन्ता एवं अन्य शाखाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

अपनी खबरों या विज्ञापन के लिए

परिष्कार पत्रिका

पाठकों के लिए अब परिष्कार न्यूज यू-ट्यूब और फेसबुक पर भी उपलब्ध

परिष्कार पत्रिका की बढ़ती लोकप्रियता के चलते और समाज में परस्पर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से अब हमारे पाठक अपनी खबर यू-ट्यूब और फेसबुक के जरिए अपने मोबाइल पर भी पढ़ और देख सकेंगे। इसके लिए आपको यू-ट्यूब और फेसबुक पर

parishkar patrika टाईप करना होगा।

परिष्कार पत्रिका अब यू-ट्यूब और फेसबुक पर भी सभी खबरों को प्रकाशित कर रहा है। इसके लिए आप अपने कार्यक्रम का 30 सेकंड का विडियो बनाकर परिष्कार पत्रिका के मेल अकाउंट पर मेल करें। तो आपकी खबर आपके यू-ट्यूब के माध्यम से आप तक तुरंत पहुंच सकेगी।

अपनी खबर को न्यूज में प्रकाशित करवाने के लिए

आपकी अपनी खबर का 30 सैकंड का विडियो बनाकर परिष्कार पत्रिका के मेल अकांउट पर भेजें या सम्पर्क करें :-
parishkarpatrika@gmail.com

पंजिकृत कार्यालय : सम्पादक, परिष्कार पत्रिका, प्लाट नं. 89 संतोष नगर, अजमेर रोड़ जयपुर-6
शाखा कार्यालय : शॉप नं. 2 , भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, ईएसआई अस्पताल के पास, अजमेर रोड़, जयपुर [राजस्थान]
फोन नं. 0141- 2450128, मो. 9314407796, 9351311820

E-mail Address :
parishkarpatrika@gmail.com
Parishkar News YouTube Channel :
Parishkar Patrika

शुभेच्छु :- शायरसिंह किरार Trackon Couriers Pvt. Ltd.
शॉप नं. 2, प्लाट नं 36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, अजमेर रोड़ जयपुर [राजस्थान]
जयपुर [राजस्थान] मो. नं. 9314407796, 9351311820, 8561888504

परिष्कार के 21 वें स्थापना वर्ष में परिष्कार पत्रिका और इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का संयुक्त आयोजन

वर्ल्ड रिकॉर्ड कॉन्क्लेव 2023 का आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। परिष्कार पत्रिका और इनफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के संयुक्त तत्वावधान में और पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जवाहर नगर में वर्ल्ड रिकॉर्ड का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से आए लगभग 40 प्रतिभागियों को वर्ल्ड रिकॉर्ड दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक के जोनल अधिकारी आरके वाजपेयी थे। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका के यूट्यूब चैनल परिष्कार न्यूज के लोगों की री लॉचिंग की गई। साथ ही सुविनियर के कवर पेज का विमोचन किया गया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक को भी विशिष्ट सेवाओं के लिए इनफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित किया। जिसमें यह सम्मान पंजाब नेशनल बैंक की पूरी टीम को मंच पर इनफ्लुएंसर के जयेश भट्ट एवं महिमा जैन और परिष्कार से निदेशक श्रवण सिंह किरार, प्रधान संपादक हेमलता किरार, रविसिंह किरार, डिजिल नाजस्थ और केवलीनी आई फाउंडेशन के माईकल केवलीनो ने पंजाब नेशनल बैंक के जोनल अधिकारी आर के वाजपेयी को शॉल ओढ़ाकर और प्रशस्तिपत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। वाजपेयी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए बैंक की विभिन्न स्कीम और योध से अवगत कराया। दूसरे सेशन में कार्यक्रम संयोजक डिजिल नाजस्थ ने बताया कि परिष्कार न्यूज के लोगों की लॉचिंग के अवसर पर अतिथि आशीष आहुजा निदेशक स्टेडी बेस टेक प्रा लि, केवलीनों आई फाउंडेशन के अध्यक्ष माईकल केवलीनों, परिष्कार कॉलेज के वाईस प्रिंसिपल विष्णु शर्मा, राजपुरोहित, स्पोर्टस एसोसिएशन के धर्मेंद्र सिंह, एडवोकेट भागचंद, ब्रजेश सिन्हा, धनवंतरी कॉलेज के वरीष्ठ अध्यापक सहित परिष्कार पत्रिका से निदेशक श्रवण सिंह किरार, प्रधान संपादक हेमलता किरार, संपादक रविसिंह किरार और इंफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से जयेश भट्ट और महिमा जैन सहित अनेक गणमान्य प्रबुद्धजन उपस्थित थे। इस अवसर पर परिष्कार की प्रधान संपादक हेमलता किरार ने अपने उद्बोधन में परिष्कार के 21 वर्षों की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने लॉचिंग के अवसर पर कहा कि परिष्कार न्यूज तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिसके लिए डिजिल नाजस्थ न्यूज कॉर्डिनेटर और रविसिंह किरार संपादक को बधाई देते हुए कहा कि परिष्कार के लए लोगों की रिलॉचिंग बड़ी खुशी हो रही है। इस चैनल के माध्यम से देशवासियों को अपनी स्थानीय समस्याओं को व्यान करने का समुचित माध्यम मिलेगा। उन्होंने बताया कि परिष्कार न्यूज शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिसमें शिक्षाविदों के विचारों से विद्यार्थियों और आमजन को अवगत कराया है। उन्होंने परिष्कार न्यूज की प्रगति के लिए टीम को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी सहयोगियों को सम्मानित किया गया।



वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कोविड की रोकथाम एवं नियंत्रण के निर्देश

परिष्कार पत्रिका जयपुर। इन दिनों कोविड के केसेज में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही कोविड के नए वैरिएंट को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ बी एल मीणा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ज़िला स्तर से वीडियो कॉन्फ्रेंस में उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य डॉ सुरेन्द्र कुमार गोयल व एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ जालम सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंस में निर्देशित किया गया कि चिकित्सा संस्थानों पर आने वाले आईएलआई निमोनिया रोगियो पर सतत निगरानी रखते हुये आवश्यकतानुसार जाँच की जाये तथा कोविड पॉजिटिव पाये जाने पर होम आइसोलेशन अथवा गंभीर अवस्था में चिकित्सा संस्थान पर भर्ती कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही हाई रिस्क ग्रुप बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलायें व अन्य रोगियों पर विशेष निगरानी रखी जायें। निर्देशित किया गया कि समस्त चिकित्सा संस्थानों पर आईएलआई निमोनिया व कोविड रोगियो हेतु बैड ऑक्सीजन युक्त बैड/वेन्टीलेटर एवं बिना वेन्टीलेटर के आईसीयू बेड्स आरक्षित रखे जायें एवं आवश्कतानुसार बैड की संख्या में वृद्धि किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही चिकित्सा संस्थानों पर उपलब्ध वेटिलेटरों को कोविड-19 रोगियों हेतु आरक्षित किया जायें व प्रत्येक चिकित्सा संस्थानों मेडिकल कॉलेज, ज़िला चिकित्सालय, उपज़िला चिकित्सालय, सीएससी/पीएचसीए, उपस्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर आवश्यक दवा की उपलब्धता सुनिश्चित की जावें।

वीसी में निर्देश दिए गए कि चिकित्सा संस्थानों सभी प्रकार के ऑक्सीजन प्लान्ट की सतत क्रियाशीलता हेतु आवश्यक कार्मिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुये आवश्कतानुसार प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जावें। साथ ही विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर हेतु उनको क्रियाशील किया जाना सुनिश्चित करें।

ज़िले में कोविड-19 संक्रामित रोगी को आवश्यकता होने पर एक संस्थान से दूसरे संस्थान पर रेफर करने हेतु डेडिकेटेड चिन्हित एम्बूलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जावें व कोविड रोगियो की सूचना प्रतिदिन आईडीएसपी के आईएचआईपी पोर्टल पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। सीएमएचओ डॉ मीणा ने आगामी 26 दिसंबर को को होने वाली मॉकड्रिल में चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध बैड, एम्बुलेंस उपकरण, दवाएं एवं मैन पावर का परीक्षण करने व ऑक्सीजन आपूर्ति उपकरणों तथा जीवन रक्षक उपकरणों मॉकड्रिल कर उनकी क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वर्ल्ड रिकार्ड कॉनक्लेव 2023 में वर्ल्ड रिकॉर्डी और दर्शकों जबरदस्त उत्साह और उल्लास

परिष्कार पत्रिका जयपुर। परिष्कार पत्रिका और इनफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित वर्ल्ड रिकॉर्ड कानक्लेव में विभिन्न राज्यों से आए वर्ल्ड रिकॉर्डी और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह रहा। न्यूज कॉर्डिनेटर डिजिल नाजस्थ ने बताया कि वर्ल्ड रिकॉर्ड कॉनक्लेव के तीनों सेशन जबरदस्त हुए। प्रथम सेशन में विभिन्न प्रांतों से आए वर्ल्ड रिकॉर्डी ने अपना-अपना प्रजेंटेशन दिया। इसके लिए पीएनबी मुख्य सहयोगी रहा। कार्यक्रम की शुरूआत गणेशन वंदना के साथ सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। इस कार्यक्रम में वर्ल्ड रिकार्डी ने पीएनबी के जोनल अधिकारी आरके वाजपेयी के सबसे छोटी पगड़ी बांध कर आश्चर्य चकित कर दिया। ऐसे बहुत से अवार्डी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए और अपना हुनर सबके सामने प्रदर्शित किया। द्वितीय सेशन में परिष्कार पत्रिका ने विभिन्न विद्यालयों के संस्था प्रधानों और स्पोर्ट के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी अतिथि आशीष आहुजा निदेशक स्टेडी बेस टेक प्रा लि, थे। स्पोर्टस के विद्यार्थियों मैडल स्पोर्ट काउंसिल के महासचिव धर्मेन्द्र सिंह और उनकी टीम ने वितरित किए। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं और श्रोताओं ने एकदूसरे से संवाद किया। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका द्वारा प्रकाशित की जाने वाली सुविनियर के कवार पेज का विमोचा किया गया। कार्यक्रम में सभी संस्था प्रधान, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी को परिष्कार पत्रिका का सम्मान दुपट्टा और शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका से हेमलता किरार और रविसिंह किरार, डिजिल नाजस्थ सहित पूरी टीम ने इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के जयेश भट्ट वर्ल्ड रिकॉर्डी को भी शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कॉनक्लेव का तीसरा सेशन भी जबरदस्त रहा। इस सेशन में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने ब्रेन पावर को डवलप करने कि ट्रिक्स सिखाई गई। कार्यक्रम में सभी सेशन दर्शकों से हाउसफुल रहे। कार्यक्रम के अंत में परिष्कार से रविसिंह किरार और इंफ्लुएंसर से जयेश भट्ट ने सभी का आभार प्रकट किया और सभी वर्ल्ड रिकॉर्डी को शुभकामनाएं दी। प्रधान संपादक हेमलता किरार ने सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार